भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 678

उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2026 (गुरूवार)

16 माघ, 1947 (शक)

प्रश्न

उत्तर पूर्वी क्षेत्र कृषि-कमोडिटी ई-कनेक्ट (एनईआरएसीई) ऐप

678. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चाः
श्री सुरेन्द्र सिंह नागरः
श्री राजीब भट्टाचार्जीः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जुलाई 2024 में ऐप के शुभारंभ के बाद से जोड़े गए किसानों, व्यापारियों और कृषि-उत्पादों की संख्या सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र कृषि-कमोडिटी ई-कनेक्ट (एनईआरएसीई) ऐप को लागू करने की मौजूदा स्थिति क्या है;

(ख) प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले कृषि उत्पादों के लेन-देन की मात्रा और मूल्य कितना है और सिक्किम में किसानों की आय पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) सिक्किम में किसान किस सीमा तक बहुभाषी समर्थन और हेल्पलाइन सेवा का उपयोग कर रहे हैं; और

(घ) सिक्किम में किसानों के लिए ऐप की पहुंच बढ़ाने, संभारतंत्रों और निर्यात लिंकेज को एकीकृत करने और डिजिटल बाजार पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या प्रस्तावित हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) नॉर्थ ईस्टर्न रीजन एग्री-कमोडिटी ई-कनेक्ट (एनई-आरएसीई) पोर्टल पूरी तरह से कार्य कर रहा है और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के किसानों/किसान उत्पादक संगठनों/स्व-सहायता समूहों/सहकारी समितियों और देश-भर के खरीदारों के बीच मार्केट लिंकेज को सुगम बनाता है। दिनांक 23.1.2026 तक, 6,807 विक्रेता/किसान/किसान उत्पादक कंपनियाँ और 735 खरीदार इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और 1,797 कृषि-उत्पाद प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हो गए हैं। पोर्टल के माध्यम से हुई बिक्री का कुल मूल्य 895.56 लाख रुपये है।

(ख) एनई-आरएसीई प्लेटफॉर्म ने सिक्किम सहित उत्तर पूर्वी राज्यों के किसानों को राष्ट्रीय बाजारों तक उनकी पहुंच को मजबूत करके और सीधे क्रेता-विक्रेता सम्पर्कों को सक्षम बनाकर अत्यधिक लाभ पहुंचाया है। एनई-आरएसीई पोर्टल के माध्यम से सिक्किम के खरीदारों ने 54.40 लाख रुपये मूल्य का 130 मीट्रिक टन कृषि उत्पाद खरीदा है।

(ग) सिक्किम में किसानों को शामिल करने और संचालनात्मक सहायता के लिए एनई-आरएसीई के तहत बहुभाषी हेल्पडेस्क और हेल्पलाइन सेवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। दिनांक 23.1.2026 तक, सिक्किम के 251 किसान पोर्टल से जुड़ चुके हैं।

(घ) दिनांक 23.1.2026 तक, सिक्किम में पाँच आउटरीच और ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा, आउटरीच बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक जैसे उपायों का भी चयन किया गया है।

एनई-आरएसीई प्लेटफॉर्म क्रेता-विक्रेता मैचमेकिंग में मदद करता है और बहुभाषी हेल्पडेस्क, फील्ड-स्तरीय सहायता और राज्य समन्वयकों के माध्यम से लॉजिस्टिक्स से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो प्लेटफॉर्म से जुड़ने, संचालन संबंधी मुद्दों को हल करने और संचार को सुगम बनाने में मदद करते हैं। इन उपायों का उद्देश्य डिजिटल मार्केट तक पहुँच को मज़बूत करना और सिक्किम में बाज़ार के लिए किसानों की तैयारियों को बेहतर बनाना है।

******